सं०सं०–17/एफ 1–13/2020 – 788 (17)

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

शिशिर कुमार मिश्रा,
विशेष कार्य पदाधिकारी।

सेवा में,

सचिव,
इन्टरनेशनल सोसायटी फॉर मोरल एण्ड ऐकडमिक कन्सरनेस,
पत्राचार का पता–विद्यापीठ चौक, इंग्लिश वार्ड नं०–02
लखीसराय, पिन कोड–811311

पटना, दिनांक :– 03/12/2021

विषय :– सुनैना कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बायपास रोड, लखीसराय को डी० फार्म पाठ्यक्रम संचालन हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रदान करने के संबंध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सचिव, इन्टरनेशनल सोसायटी फॉर मोरल एण्ड ऐकडमिक कन्सरनेस, लखीसराय के पत्रांक–ISMAC/07/2020-21 दिनांक–23.05.2020 द्वारा अभ्यावेदन समर्पित कर सुनैना कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बायपास रोड, लखीसराय में डी० फार्म पाठ्यक्रम संचालन हेतु अनापत्ति प्रमाण–पत्र प्रदान करने का अनुरोध किया गया था।

इस परिप्रेक्ष्य में संस्थान के स्थल निरीक्षण हेतु विभागीय आदेश सं0–1171(17) दिनांक–16.12.2020 द्वारा चार सदस्यीय जाँच समिति का गठन किया गया था।

जाँच समिति के प्रतिवेदन के आधार पर बिहार चिकित्सा शिक्षा संस्था (विनियमन और नियंत्रण) (संशोधन) विधेयक, 1993 द्वारा प्रदत्त शक्तियों तथा निहित प्रावधानों के अधीन सुनैना कॉलेज ऑफ फार्मेसी, बायपास रोड, लखीसराय को फार्मेसी काउन्सिल ऑफ इंडिया (PCI) के विनियमों/मानकों/प्रावधानों के शर्ताधीन सत्र–2020–2021 से डी० फार्म पाठ्यक्रम के 60 सीटों पर पाठ्यक्रम शुरू करने हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र (No Objection Certificate) अगले आदेश तक प्रदान किया जाता है।

विश्वासभाजन

(शिशिर कुमार मिश्रा)
विशेष कार्य पदाधिकारी

Principal
Sunaina College Of Pharmacy
Lakhisarai, Bihar